तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर




10 कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने ...


11 ओलंपिक के समापन पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों ...


## खबर संक्षेप



### जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम स्थल का मंत्री ने लिया जायजा

**जगदलपुर।** आगामी 15 नवंबर को सिटी ग्राउंड में आयोजित होने वाले जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण मंत्री केदार कश्यप ने किया । इस दौरान विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, महापौर संजय पांडे, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, सहायक आयुक्त जीआर शोरी, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, राणा घोस, परिस बेसरा, यशवर्धन राव, प्रमोद चौधरी, दिलीप दास, राजेश राय, रविन्द्र पटनायक, जयराम दास उपस्थित रहे।

### पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन

**जगदलपुर।** शासकीय पीजी कॉलेज में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य, प्राध्यापकगण तथा छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला संयोजक देवेन्द्र देवांगन ने विद्यार्थियों को उद्यमिता के मूल भाव, अवधारणा और उसके व्यवहारिक स्वरूप के बारे में बताया। संभाग संयोजक डॉ. राम राकेश जांगिड़ ने आधुनिक समय में उद्यमिता की आवश्यकता, अवसरों, चुनौतियों तथा आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि युवा वर्ग रोजगार पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बन सकता है। उन्होंने स्वदेशी उद्यम एवं स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर बल दिया। अंत में सभी उपस्थित छात्र छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने स्वदेशी अपनाओ आत्मनिर्भर भारत बनाओ की शपथ ली।

### 2 आपदा पीड़ित परिवारों को दी गई 8 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर द्वारा तहसील दरभा ग्राम बिसपुर निवासी कमली मंडावी की मृत्यु सांप काटने से पति लखमू राम को तथा तहसील करपावंड ग्राम टेम्पलकोमार निवासी ललित की मृत्यु सांप काटने से पिता देवीसिंह को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### सरपंच ने नए राशन कार्ड का किया वितरण



**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा विकास खंड के ग्राम पंचायत गढ़िया में ग्रामवासियों की सुविधाओं के लिए सरपंच भरत कश्यप ने जरूरतमंद ग्रामवासियों को राशन कार्ड का वितरण किया । उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व है की सभी ग्रामवासियों का ध्यान रखें ताकि हर योजना और व्यवस्था का गलाभ मिल सके। 35 लोगों का राशनकार्ड बना कर प्रदान किया गया है। ग्रामवासियों ने कहा कि सरपंच से हमें हमेशा अपने सरपंच का सहयोग साथ, मार्गदर्शन मिलता रहता हैं। इस अवसर पर उपसरपंच संतु कश्यप, पीलूराम बघेल, निरंजन बघेल, लखन कश्यप, रायधर मौर्य, मिटू, सचिव डमरू नेताम, प्रतिमा सेठिया सहित पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### भागवत कथा में हुआ भागवत दान महोत्सव

**जगदलपुर।** नगर के सीताराम शिवालय में आयोजित श्रीमद




भागवत कथा के अंतर्गत बुधवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष एवं भागवत दान महोत्सव का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालु भागवत रस में सराबोर हुए।

# पर्यटन स्थल बना मांझीपाल, बैम्बू राफ्टिंग का आनंद ले रहे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के मांझीपाल में कांगेर नाला पर पर्यटकों को बैम्बू राफ्टिंग की जा रही है। गांव के 21 युवा इस काम से जुड़े और गांव को पर्यटन ग्राम की पहचान दिला दी। यहां पहाड़ी चट्टानों और हरियाली के बीच राफ्टिंग का अनुभव लेना बेहद खास है। पर्यटक मांझीपाल को ज्यादा बेहतर बता रहे हैं क्योंकि यहां का प्राकृतिक माहौल ज्यादा खास है। यहां के नैसर्गिक प्रकृति के बीच चट्टानों से गुजरती हुई कांगेर नदी में बैम्बू राफ्टिंग और कायकिंग से सैर करना किसी रोमांच से कम नहीं है। बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए मांझीपाल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है। ईको विकास समिति के सदस्य बाल सिंह ने बताया कि गांव के युवा इस काम से जुड़े तो उन्हें रोजगार भी मिला है। इसके अलावा यहां की महिलाएं भी इस स्थान पर व्यवसाय कर आर्थिक रूप से समृद्ध हो रही हैं।

### 21 युवाओं ने गांव को पर्यटन ग्राम की पहचान दिला दी



#### नाला में 300 मीटर तक कर रहे राफ्टिंग

इको-डेवलपमेंट समिति के सदस्य बालसिंह ने बताया कि वे बेरोजगार होकर परेशान रहे पर कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान की ओर से मांझीपाल के कांगेर नाला में बैंबू राफ्टिंग से रोजगार मिला। इससे उनका और परिवार की आर्थिक रूप से मजबूत हो सकेगी। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को कांगेर नाला में 300 मीटर आधे घंटे तक राफ्टिंग करते हैं।

#### बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक पहुंच रहे

मांझीपाल में चलाए जा रहे बैम्बू राफ्टिंग और क्याकिंग के दौरान नदी के एक किनारे चट्टानों की श्रृंखला और एक तरफ जंगल की खूबसूरती यहां आने वाले पर्यटकों के लिए रोमांचक है। कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि मांझीपाल में काफी संख्या में देशी विदेशी पर्यटक पहुंच रहे हैं, जो यहां के रोमांचकारी अनुभव को साझा कर रहे हैं इससे इस स्थान की ख्याति तेजी के साथ बढ़ रही है।

### चचेरे भाई व बहू ने हत्या के लिए 20 हजार रुपए में किया था सौदा

# पुलिस जिसे सड़क हादसे में मौत होना मान रही थी वह निकली सुपारी किलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/दरभा

थाना क्षेत्र के ग्राम गुमड़पाल-केलाउर मुख्य मार्ग में सप्ताहभर पूर्व मिले ग्रामीण के शव को पुलिस रोड एक्सीडेंट समझ रही थी। जांच के बाद पता लगा कि उसकी फरसा से मारकर हत्या की गई थी। शव को एक्सीडेंट बताने के लिए सड़क पर फेंक दिया गया था।

- गुमड़पाल केलाउर मुख्य मार्ग में मिला था शव पारिवारिक रंजिश बनी हत्या की वजह

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग व एसडीओपी लक्ष्मण पोटाई के पर्यवेक्षण में पखनार चौकी प्रभारी राजेश राठौर द्वारा जांच की जा रही थी। 5 नवम्बर को प्रार्थी सुखराम पोयामी निवासी छोटेबोदेनार ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 4 नवम्बर की रात लगभग 9 बजे ग्राम गुमड़पाल व केलाउर के बीच मुख्य मार्ग में ग्रामीण कमलू पोयामी का एक्सीडेंट में मौत हुआ है। रिपोर्ट पर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही थी वहीं जांच उपरांत धारा 103 (1) 61 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों से पूछताछ से यह बात सामने आई कि मृतक के चचेरे भाई हिड़मा पोयामी एवं उसकी बहू पालो पोयामी द्वारा अपने रिश्तेदार प्रवीण मड़काम उर्फ सुनिल उर्फ बोके निवासी बीजापारा साडरा बोदेनार को 20 हजार रुपए देकर मृतक कमलू पोयामी कि हत्या का खुलासा हुआ। चौकी पखनार पुलिस मामले में संदेही आरोपी प्रवीण मड़काम उर्फ सुनिल उर्फ बोके को पता तलाश कर पूछताछ किया गया। उसने बताया कि फरसा से मार कर कमलू पोयामी कि रोड में हत्या किया गया था।



#### तीनों आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण पोटाई ने बताया कि पारिवारिक रंजिश के चलते हिड़मा पोयामी एवं उसकी बहु पालो पोयामी द्वारा 20 हजार रुपए बतौर हत्या के लिए दिया गया था। पूछताछ में तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीनों को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पखनार चौकी प्रभारी राजेश राठौर व टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शराब पीकर ट्रक चलाने पर 12 हजार जुर्माना, लायसेंस भी होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम






जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर एवं आर.के. बर्मन के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी गोविन्द दीवान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में गीदम पुलिस कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने नागरिकों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने सघन वाहन जांच अभियान चलाया है। अभियान के दौरान ब्रेथ एनालाइजर मशीन से अनेक वाहन चालकों की जांच की गई। जांच के दौरान ट्रक क्रमांक 9313 का चालक सुनील कुमार उइके 27 वर्ष, निवासी साकरा जिला बालोद शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया। चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 एवं 185 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें न्यायालय ने 12000 रुपए का जुर्माना वसूला । साथ ही चालक के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

- नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस कर रहे कार्रवाई

#### नशे में वाहन चलाना दंडनीय अपराध

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील में कहा है कि शराब पीकर वाहन चलाना दंडनीय अपराध है। ऐसा करने से खुद की और दूसरों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, यही जिम्मेदार नागरिकता का प्रतीक है। नागरिकों से सहयोग की अपील करती है कि सुरक्षित और नियमों का पालन करने वाला यातायात वातावरण बनाए रखने में अपना योगदान दें।

## धान खरीदी केन्द्रों की सभी व्यवस्थाएं करवाएं चुस्त-दुरुस्त: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि आगामी दिनों से धान की खरीदी की जानी है, अतः धान खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारी समय पर केंद्र की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाएं, साथ ही धान के अवैध परिवहन पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए नजदीकी पुलिस थाने में गाड़ी को जब्त करवाएं। उन्होंने धान खरीदी कार्य हेतु पीडीएस बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए 14 नवंबर को ट्रायल रन भी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर हरिस मंगलवार की शाम को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को उक्त निर्देश दिए। बैठक में जनजाति गौरव दिवस आयोजन के संबंध में चर्चा किया गया। कलेक्टर ने बस्तर विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों के पूर्ण होने पर उपयोगिता प्रमाण पत्र और पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में गौधाम की व्यवस्था पर चर्चाकर गौधाम में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आपार आईडी की प्रगति, स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र की स्थिति और जन्म प्रमाण पत्र-आधार कार्ड में अपडेशन के कार्य का संज्ञान लेकर कार्यवाही जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### इनकी रही मौजूदगी

बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल एवं ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## अधिक रिटर्न मिलने का लालच देकर ठगी करने वाले आरोपी पकड़ाए

**दंतेवाड़ा।** किरंदुल, गीदम एवं बचेली थाना के अपराधियों को पकड़ने के लिए निरीक्षक संजय यादव के नेतृत्व में संयुक्त टीम मध्य प्रदेश के अनूपपुर, भोपाल, उज्जैन एवं इटारसी जिलों के लिए रवाना किया गया। फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन एनालिसिस एवं साइबर फॉरेंसिक टूल्स उपयोग कर जानकारी के आधार पर चार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इनमें रोशन लाल खरे भोपाल 24 वर्ष, सचिन साहू भोपाल 24 वर्ष, अमन अजवानी देवास 32 वर्ष तथा अंकित तिवारी अनूपपुर 26 वर्ष शामिल हैं। आरोपी फेसबुक एवं इंस्टाग्राम में फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट का विज्ञापन डालते थे, जिसमें लोगों को ज्यादा रिटर्न्स का लालच देकर उनके साथ फ्रॉड करते थे। फ्रॉड से प्राप्त राशि को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर साक्ष्य छुपाने का काम करते थे। दंतेवाडा पुलिस ने 100 से ज्यादा अकाउंट के ट्रांजेक्शन का एनालिसिस कर साइबर फॉरेंसिक टूल्स का उपयोग कर आरोपियों तक पहुंची और उन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर रिमांड पर भेजा गया है। दंतेवाड़ा पुलिस ▶▶| शेष पेज 10 पर

- मध्यप्रदेश के भोपाल, देवास और अनूपपुर के 4 आरोपी गए जेल

छात्र के झुलसने से मामले पर दिया आश्वासन

## बारदा के छात्रावास अधीक्षक को हटाएंगे सहायक आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आदिवासी विकास विभाग के अधीन संचालित विभिन्न छात्रावासों में हो रही अनियमितताओं, अधीक्षकों की अनुपस्थिति तथा गुणवत्ताहीन व्यवस्था को लेकर आज युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप के नेतृत्व में सहायक आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अधिकांश छात्रावासों की स्थिति चिंताजनक है। अधीक्षक अनुपस्थित रहते हैं, जिससे छात्रावासों की दैनिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त है। विद्यार्थियों को भोजन, स्वच्छ पानी, स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं अध्ययन सामग्री जैसी आवश्यकताओं से वंचित रहना पड़ रहा है। युवा कांग्रेस ने बताया कि मंडल संयोजकों के विरुद्ध भी लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। छात्रावासों में परोसे जाने वाले भोजन एवं अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता निम्न स्तर की है, जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। संगठन ने बताया कि ग्राम बारदा विकासखंड बकावंड स्थित बालक छात्रावास में एक छात्र तेल में झुलस गया जो अधीक्षक की लापरवाही और अव्यवस्थित माहौल का परिणाम है। सहायक आयुक्त गणेश सोरी ने तत्काल अधीक्षक को हटाने का आश्वासन दिया । शेष छात्रावासों में भी उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन जनआंदोलन एवं विभागीय कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होगा।

- युवा कांग्रेस ने छात्रावासों में अव्यवस्था और लापरवाही दूर करने दी चेतावनी



*विद्यार्थियों को दिलाएं सुरक्षित वातावरण : युवा कांग्रेस ने मांग की कि सभी छात्रावासों की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि विद्यार्थियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण प्राप्त हो सके। इस अवसर पर जिला सचिव विजय भारती, एकादशी बघेल, रामचंद्र रामसिंह एवं गंगाधर उपस्थित रहे।*

### सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नगर निगम की पहल

# आवारा पशुओं के मालिकों के विरुद्ध दर्ज कराई जाएगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आवारा एवं घुमंतू पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर संजय पांडे ने कहा कि शहर की सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है जो चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम, यातायात विभाग और ग्राम पंचायतों को मिलकर ठोस रणनीति बनानी होगी। उन्होंने कहा नगर निगम क्षेत्र में आवारा पशुओं की पहचान, उनका पुनर्वास एवं गौशालाओं का सुदृढ़ीकरण शीघ्र किया जाएगा। नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू पशुओं को सड़कों पर न छोड़ें । आयुक्त प्रवीण वर्मा ने जानकारी दी कि नगर निगम द्वारा विशेष टीम गठित की जा रही है जो सड़कों से आवारा पशुओं को सुरक्षित स्थलों तक पहुंचाने का काम करेगी। इसके साथ ही जनजागरुकता अभियान चलाकर नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। पहली बार आवारा पशु पकड़े जाने पर कांजी हाऊस का निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। दोबारा पकड़े जाने पर दोगुना शुल्क वसूला जाएगा एवं एफआईआर किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित पार्षद एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। सभी ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही संयुक्त कारवाई अभियान प्रारंभ किया जाएगा। जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र की सड़कों से आवारा पशुओं को हटाने की कार्यवाही की जाएगी तथा वार्ड स्तर पर निगरानी दलों का गठन किया जाएगा।

#### ये रहे उपस्थित

बैठक में एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, पार्षद आशा साहू, बसंती समरथ, जाहिद हुसैन, अफरोज़ बेगम, सरपंच जयन्ती कश्यप सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, यातायात विभाग के डीएसपी संतोष जैन, डॉ आलोक भार्गव, विनय श्रीवास्तव, राकेश यादव उपस्थित रहे।

## भूमि पर जबरन कब्जा का मामला पहुंचा तहसील कार्यालय और थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरगीपाल में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद हुआ है। सूरदास की पैतृक भूमि जिसका खसरा नंबर 270/1 रकबा 0,4100 है जिस पर अनावेदक गोपी पिता रामू ने अवैध कब्जा कर निर्माण करने का प्रयास कर रहा है। मूल भूमि स्वामी द्वारा आपत्ति की गई तो दूसरे पक्ष ने बलपूर्वक भूमि पर कई वर्षों से अवैध कब्जा कर लिया गया है । सुखदास को जान से मारने की धमकी दी जा रही है । सूखदास ने बताया कि शिकायत बकावंड तहसीलदार एवं थाना बकावंड को दी गई है । थाना प्रभारी तिवारी द्वारा दोनों पक्षों को समझाइस दी गई है । आपसी सहमति से भूमि विवाद का निपटारा करने थाना प्रभारी ने कहा है। इस संबंध में पटवारी स्वाति गुप्ता ने बताया उक्त पैतृक भूमि प्रथम आवेदन करता सुखदास की है। दूसरे पक्ष जबरन कब्जा किया है । इस विषय पर बकावंड तहसीलदार जोगेश्वरी गावड़े से फोन से संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

- थानेदार ने आपसी समझौता कर मामला निपटाने दी समझाइस

## खबर संक्षेप

### लोकेश बने छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन कोंडागांव के जिलाध्यक्ष

**केशकाल।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के नियमावली (संविधान) से प्राप्त अधिकार तथा साधारण/आमसभा 18 अप्रैल 2025 के निर्णय अनुसार एतद द्वारा नियम-12(स)के अंतर्गत लोकेश गायकवाड़, व्याख्याता को छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन



जिला इकाई कोंडागांव के अध्यक्ष पद पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश चटरजी जी ने नियुक्ति दी है। उन्होने यह महत्वपूर्ण दायित्व गायकवाड़ के पूर्व संघठन मध्य प्रदेश मे संभागीय सचिव. छत्तीसगढ़ मे राजपत्रित संघ के जिलाध्यक्ष. संयुक्त कर्मचारी परिषद के संयोजक व कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला कोंडागांव के सह जिला संयोजक बनकर सफ़लता पूर्वक कार्य करने के फलस्व रूप शिक्षक फेडरेशन का जिलाध्यक्ष कोडा गाव नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर अखिलेश जीआरड़ी तिवारी जगदलपुर, शिवराज सिंह, निर्मल शार्दूल, केदार जैन, चमन वर्मा, सुकमन नेताम, वाई देवांगन, क. शिक्षा परिसर बहीगांव के समस्त स्टाफ ने बधाई दी है।

### कम्प्यूटर कौशल एवं साक्षात्कार परीक्षा होगी 19 नवंबर को

**कोण्डागांव।** मिशन शक्ति योजना के तहत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन के लिए कार्यालय सहायक के संविदा पद पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में 17 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक दावा–आपत्ति आमंत्रित की गई थी। निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी अभ्यर्थी द्वारा दावा–आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर अंतिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। यह सूची अब जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर देखी जा सकती है। सूची में शामिल अभ्यर्थियों के लिए कम्प्यूटर कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन 19 नवंबर 2025 को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। परीक्षा स्थल कलेक्टर कार्यालय, कोंडागांव के कक्ष क्रमांक 74 निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन ने संबंधित अभ्यर्थियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की है। यह परीक्षा महिला सशक्तिकरण केन्द्र में पारदर्शी एवं योग्यताधारित भर्ती प्रक्रिया को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 'बस्तर ओलंपिक' सामाजिक परिवर्तन का माध्यम : विधायक उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को खेलो इंडिया मैदान, कनेरा रोड में जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का भव्य शुभारंभ हुआ। जनप्रतिनिधियों और खिलाड़ियों के बीच हुई मित्रवत रस्साकस्सी ने कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना दिया।

बस्तर संभाग के अंदरूनी क्षेत्रें की प्रतिभाओं को पहचान देने और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन पूरे संभाग में किया जा रहा है। कोंडागांव जिले में 59,609 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। ब्लॉक स्तर पर सफल आयोजन के बाद अब जिला स्तरीय मुकाबले शुरू हो गए हैं, जो 15 नवंबर तक चलेंगे।

## विधायक लता ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

खेलों से बदल रहा है बस्तर का चेहरा जनप्रतिनिधियों और खिलाड़ियों के बीच हुई रोमांचक रस्सा-कसी



### खेलों से विकास, विश्वास की भावना साकार

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित बस्तर ओलंपिक ने बस्तर के युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास जगाया है। अब बस्तर के युवा बंदूक नहीं, बल्कि तीरंदाजी, कबड्डी, हॉकी और जुडो के मैदानों से अपनी पहचान गढ़ रहे हैं। खेलों के माध्यम से क्षेत्र में सामाजिक एकता, अनुशासन और सकारात्मक माहौल का निर्माण हो रहा है यही है खेलों से विकास, खेलों से विश्वास का सच्चा स्वरूप।*

खिलाड़ियों के लिए भोजन, स्वास्थ्य जांच, पेयजल और बैठने की व्यवस्था की गई है।

### खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

मुख्य अतिथि लता उसेंडी ने कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेल नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है। यह आयोजन युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ने का अवसर दे रहा है। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी मैदान में मेहनत करेगा, उसका समय अवश्य आएगा। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने खिलाड़ियों से पूरे मनोयोग से भाग लेने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि यह आयोजन पारंपरिक और आधुनिक खेलों का संगम है, जो ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त मंच बन गया है।

धान खरीदी एवं बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा की

# कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आज आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य की प्रगति का विवरण लेते हुए गणना पत्रक वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि एसआईआर अभियान के तहत गणना पत्रक वितरण शीघ्रता से पूर्ण किया जाए और बीएलओ एप में ऑनलाइन एंट्री समय पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वालंटियर्स को उचित प्रशिक्षण देकर बीएलओ के सहयोग में लगाया जाए, जिससे मतदाता सूची अद्यतन कार्य समय पर पूर्ण हो सके। बैठक में श्रम विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना प्रकरणों में बीमा राशि भुगतान, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड निर्माण की स्थिति, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना तथा उज्ज्वला योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा आगामी बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध रूप से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### अवैध धान परिवहन, भंडारण और विक्रय पर रखें नजर

बैठक में धान खरीदी सीजन 2025–26 की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया कि किसानों के पंजीयन से संबंधित लंबित प्रकरणों का समितिवार निराकरण शीघ्र किया जाए। साथ ही अवैध धान परिवहन, भंडारण और विक्रय पर सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि खरीदी प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए समिति कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाए ताकि खरीदी कार्य बिना बाधा के संपन्न हो।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने नागरिकों की सुनी समस्याएं

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम पंचायत मांझी बोरण्ड के ग्रामीणों ने ढोडरापारा से पटेलपारा तक पुल



एवं सड़क निर्माण की मांग रखी। वहीं ग्राम कचोरा के ग्रामीणों ने हाई स्कूल में गणित एवं संस्कृत विषय के शिक्षक की नियुक्ति की मांग की। ग्राम बागबेड़ा के किसानों ने एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने की समस्या से अवगत कराया। इन सभी प्रकरणों पर कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदार को तत्काल जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में नागरिकों द्वारा राजस्व प्रकरण, वन अधिकार पत्र, आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था, सड़क एवं पुल निर्माण, और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत की गईं। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए और आवेदकों को प्रगति की जानकारी भी दी जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन थाना क्षेत्रों में अवैध शराब और जुए पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणपुर

नारायणपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई





जिले में पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया के मार्गदर्शन में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों छोटे डोंगर, फ़ारसगांव एवं भरंडा में पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। थाना छोटे डोंगर पुलिस को अवैध शराब बिक्री की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान आरोपी निरंजन पाल पिता चिंता हरण पाल, उम्र 74 वर्ष, निवासी छोटे डोंगर को पकड़ा गया। आरोपी के पास से कुल अवैध शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया।

■ छोटे डोंगर व फ़ारसगांव में शराब कारोबारियों पर छापेमारी

**जब्त की गई सामग्री**
मैकडॉवेल क्वार्टर – 57 नग
आर.एस. क्वार्टर – 57 नग
फ्रंटलाइन क्वार्टर – 17 नग
जम्मू स्पेशल व्हिस्की क्वार्टर – 53
बीयर – 55 नग
प्लेन क्वार्टर – 56

**थाना फ़ारसगांव पुलिस की कार्रवाई**

इसी क्रम में थाना फ़ारसगांव क्षेत्र में विक्की ढाबा में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर दबिश दी गई। जहां से आरोपी प्रकाश कुलदीप पिता गुड़िया राम कुलदीप, उम्र 35 वर्ष, निवासी फ़ारसगांव को पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 अ (1) के तहत कार्रवाई की गई है। जब्त सामग्री – मूड ऑफ़ (375 मिली) : 6 बीयर : 4

### थाना भरंडा पुलिस की कार्रवाई

थाना भरंडा क्षेत्र में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं। जुआ खेलते समय आरोपियों से 3000 नगद रकम एवं ताशपत्ती जब्त कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी

सूरज सहारे पिता राजेन्द्र सहारे, (30) तेजेश्वर आमड़े पिता स्व. माधव आमड़े, (27), त्रिलोक यदु पिता स्व. उध्यराम यदु, (26), देवेश कुमार पटेल पिता सुरेश कुमार, (24), धनेश्वर कौड़ो पिता चेनुराम कौड़ो, (28)।

# प्रेरणा पथ कार्यक्रम में युवाओं को मिला सफलता का मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

जिला प्रशासन द्वारा संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा पथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त तिवारी ने विद्यार्थियों से चर्चा की और उन्हें सफलता के सूत्र बताए।

श्री तिवारी ने कहा कि सफलता कभी भी अचानक नहीं मिलती, बल्कि निरंतर परिश्रम और दृढ़ संकल्प से प्राप्त होती है। उन्होंने युवाओं से कहा किसी को सफलता जल्दी मिलती है, किसी को देर से, लेकिन मेहनत का फल हर किसी को अवश्य मिलता है। पहला चरण पुस्तक को सिर्फ पढ़ें, विषय की रूपरेखा और सार समझें। दूसरा चरण पेंसिल लेकर पढ़ें, महत्वपूर्ण बातों को अंडरलाइन करें और कठिन बिंदु चिन्हित करें। तीसरा चरण शंकाओं का समाधान करें और पुराने प्रश्नपत्रें से तुलना करें। उन्होंने कहा कि केवल तथ्य याद करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि कॉन्सेप्ट्स को समझना जरूरी है ताकि ट्रिकी प्रश्नों का सामना किया जा सके।

### समाचार–पत्र पढ़ना बनाएं दिनचर्या का हिस्सा

श्री तिवारी ने कहा कि अभ्यर्थियों को दो अख़बारों का नियमित अध्ययन करना चाहिए एक से करेंट अफेयर्स और दूसरे से विश्लेषणात्मक –ष्टिकोण विकसित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पेज 1–2, खेल, देश–विदेश और संपादकीय पेज पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। अभ्यर्थियों के प्रश्नों पर मिले व्यावहारिक उत्तर। इस आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सही दिशा व रणनीति प्रदान करना रहा। प्रेरणा पथ कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कोई भी पथ आसान नहीं होता, उसे आसान हमें ही बनाना पड़ता है।

# बाइक से गिरकर शिक्षिका और पति घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव

फरसगांव ब्लॉक स्थित ग्राम बड़ेडोंगर में बुधवार को शाम करीब 4:30 बजे जल जीवन मिशन के गड्ढे के कारण एक हादसा हो गया। गड्ढे के कारण बाइक से गिरकर शिक्षिका मीरा नाग और उसके पति महेश नाग निवासी बड़ेडोंगर घायल हो गए, घायलों को जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग के द्वारा अपनी वाहन से उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में लाकर भर्ती किया है, हादसे में शिक्षिका का हाथ टूट गया है, जिन्हें बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया। जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग ने कहा कि जल जीवन मिशन के ठेकेदार की लापरवाही के चलते हैं सड़क हादसा हुआ है, ठेकेदार के द्वारा पाइप लाइन हेतु रोड पर गड्ढे को खुदा गया है। लेकिन उसमें ठीक से मिट्टी नहीं पाटने से गड्ढे अभी भी है और इसी गड्ढे के कारण अक्सर सड़क हादसे हो रहे हैं , वही आज स्कूल से घर जाने के दौरान बाइक सवार शिक्षिका अपने पति के साथ बाइक गिर कर घायल हो गए, इस गड्ढे कारण कई हादसे हो चुके हैं। यह हाल पूरे कोंडागांव जिले का है जहां जल जीवन मिशन के तहत रोड में खोदे गए गड्ढो के कारण कई लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए है लेकिन संबंधित ठेकेदार के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य जयलाल ने कहा कि ऐसे लापरवाह ठेकेदारों पर कार्यवाही होनी चाहिए। अगर इन पर कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की जनता इस समस्या को लेकर जल्द ही कलेक्टर से मुलाकात करेंगे और संबंधित ठेकेदार पर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। वहीं फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम फरसगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण के लिए पहुंचे हुए थे, जिन्होंने घायल शिक्षिका और उसके पति से बातचीत कर बेहतर उपचार हेतु संबंधित डॉक्टर को निर्देश दिए। प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया है ।

■ ठेकेदार की लापरवाही से हुआ हादसा सड़क पर खुले गड्ढे बन रहे खतरा : नाग





## औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के लिए होगी औद्योगिक संगोष्ठी

**कोण्डागांव।** प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार की औद्योगिक विकास नीति 2024–30 का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में दो औद्योगिक संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा पहली 18 नवंबर को जिला पंचायत कोंडागांव के सभाकक्ष में, तथा दूसरी 22 नवंबर को नगर पालिका केशकाल के सभाकक्ष में। संगोष्ठी में उद्योग विभाग के अधिकारी नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत उपलब्ध प्रोत्साहनों और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देंगे। इनमें ब्याज अनुदान, अधोसंरचना लागत पूंजी अनुदान, स्टाम्प शुल्क और विद्युत शुल्क में छूट, तथा मंडी शुल्क में राहत जैसी प्रमुख योजनाएँ शामिल हैं। नई नीति में राज्य के औद्योगिक रूप से पिछड़े जिलों और विकासखंडों में निवेश को प्राथमिकता दी गई है ताकि स्थानीय आर्थिक विकास और उद्यमिता को बढ़ावा मिल सके। साथ ही, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए विशेष पैकेज, लघु एवं कुटीर उद्योग नीति, और लॉजिस्टिक पार्क नीति जैसी पहल भी जोड़ी गई हैं।

### सेवा उद्यमों को भी मिलेगा लाभ

नीति में पारंपरिक उद्योगों के साथ–साथ सेवा क्षेत्र के उद्यमों को भी शामिल किया गया है जैसे मिनी मॉल, स्कूल, अस्पताल, ईको–टूरिज्म सेंटर, होटल, वेयरहाउस, फिल्म स्टूडियो, प्रिंटिंग सेवा, पावर लॉन्ड्री और प्रशिक्षण केंद्र आदि। इसके तहत स्थायी पूंजी निवेश पर 35 से 45 प्रतिशत तक और ब्याज अनुदान पर 45 से 55 प्रतिशत तक लाभ प्रदान किया जाएगा।

# वन मंत्री ने किया नवीन वनमंडल कार्यालय भवन का भूमिपूजन

वन प्रबंधन समिति को मिनी राइस मिल धन कुट्टी मशीन दी गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव



वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य तथा बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेण्डी की अध्यक्षता में कोंडागांव वनमंडल के नवीन कार्यालय भवन का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंत्री श्री कश्यप ने भवन निर्माण की आधारशिला रखी और इस उपलब्धि को वन विभाग के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। वन मंत्री द्वारा ग्राम हिरामांदला की वन प्रबंधन समिति को मिनी राइस मिल धन कुट्टी मशीन प्रदान की गई। उन्होंने सदस्यों को सामूहिक समन्वय और सावधानीपूर्वक उपयोग के माध्यम से आय में वृद्धि के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में श्री कश्यप ने कहा कि नवीन भवन निर्माण से विभागीय कार्योंं में सुविधा बढ़ेगी और कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा होगा। उन्होंने कहा कि वन विभाग केवल संरक्षण नहीं बल्कि ग्रामीणों की प्रगति का माध्यम है। उन्होंने जानकारी दी कि मर्दापाल और पुसपाल में ईको–टूरिज्म, देवगुड़ी दरबार और रिवर राफ्टिंग जैसी गतिविधियों के विकास के लिए 7.62 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। वन मंत्री ने ग्रामीणों से अपील की कि अवैध कटाई और वन अपराधों की रोकथाम में सहयोग करें। उन्होंने वन अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध वनोपज व्यवसाय पर सख्त निगरानी रखी जाए। वनमंडल के माध्यम से पिछले दो वर्षों में संयुक्त वन प्रबंधन समितियों द्वारा ग्रामीणों को चक्रीय निधि ऋण और किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इस योजना के तहत 892 हितग्राहियों की 1237.96 एकड़ भूमि में 11,88,590 पौधों का रोपण किया गया है, जिससे आगामी वर्षों में निश्चित आय प्राप्त होगी। वनमंडल में 5 वनधन केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां कोदो, कुटकी, रागी जैसी फसलों का प्रसंस्करण किया जा रहा है। अब इन केन्द्रों को उन्नत कर इमली ब्रिक्स, इमली कैंडी और तिखुर उत्पादों के प्रसंस्करण की दिशा में कार्य किया जाएगा। विभाग द्वारा 500 हेक्टेयर वनौषधि रोपण कार्य पूरा किया गया है, जिसे 5000 हेक्टेयर तक विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। इस वनमंडल में 29,565 तेंदूपत्ता संग्राहकों को 7.04 करोड़ रुपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि संसाधनों के अभाव में कई बार कार्य प्रभावित होते हैं, परंतु वन मंत्री के नेतृत्व में अब वन विभाग को एक नया आयाम मिल रहा है। कार्यक्रम का संचालन वनमंडलाधिकारी चूड़ामणी सिंह ने किया तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम, मुख्य वनसंरक्षक राजेश कुमार चंदेले सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# जय बस्तरिया माटी मान्दरी नृत्य दल ने पारंपरिक नृत्य से जीता सबका दिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव




जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम लिहागांव के कलाकारों ने अपनी कला से पूरे देश का दिल जीत लिया है। जय बस्तरिया माटी मान्दरी नृत्य दल ने गुजरात के ऐतिहासिक शहर वडोदरा में आयोजित भारत पर्व के मंच पर बस्तर की लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की। आदिवासी जनजाति मुरिया समुदाय के इन कलाकारों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा, ढोल–नगाड़े और मनमोहक लोकनृत्य शैली के माध्यम से मंच पर बस्तर की माटी की खुशबू बिखेर दी। हर प्रस्तुति पर दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से इन कलाकारों का स्वागत कर रहे हैं। लगातार 15 दिनों तक चलने वाले इस भव्य आयोजन में यह नृत्य दल छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, एकता और परंपरा का प्रतिनिधित्व कर रहा है। उनकी प्रस्तुति ने वडोदरा में उपस्थित दर्शकों को बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अनुभव कराया है। यह उपलब्धि कोंडागांव ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और गौरव का क्षण है। लिहागांव के इन कलाकारों ने साबित किया है कि हमारी संस्कृति ही हमारी सबसे बड़ी पहचान है।

■ वडोदरा के भारत पर्व में बस्तर की माटी की गूंज

छात्र–छात्राओं को सिखाए गए डिजिटल सुरक्षा के तरीके

# माकड़ी पुलिस ने कॉलेज में चलाया सायबर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

नवीन शासकीय महाविद्यालय माकड़ी में आज माकड़ी पुलिस द्वारा सायबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को सायबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा भापुसे के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। थाना माकड़ी प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल ने छात्रें को सायबर अपराधों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

■ महिला अपराध यातायात नियम और नशामुक्ति पर भी दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



### महिला अपराध, आपराधिक कानून और नशामुक्ति पर भी चर्चा

कार्यक्रम में महिला एवं बाल सुरक्षा, भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों, तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रें को बताया गया कि मादक द्रव्यों से दूरी बनाना ही जीवन की सबसे बड़ी जीत है। निरीक्षक बघेल ने बताया कि ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग धोखाधड़ी और सोशल मीडिया हैकिंग आज के समय के सबसे तेजी से बढ़ते अपराध हैं। उन्होंने छात्रें को सलाह दी कि कोई भी संदिग्ध लिंक या कॉल पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, और हर ऑनलाइन गतिविधि में सतर्क रहें।

### यातायात नियमों का पालन जीवन की सुरक्षा की गारंटी

छात्रों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया। हेलमेट पहनने, ओवरस्पीडिंग से बचने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की सलाह दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से वालेंटियर गुलशन नेताम ने छात्रें को विधिक सहायता और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया।

### कॉलेज प्राचार्य और प्रोफेसरों ने किया सहयोग

कार्यक्रम में संस्था प्रमुख विन्दयाधर निरोजी सहित प्रोफेसर गोविंद दयाल माहला, डॉ. दिलेश्वर पटेल, रमनदेव मेश्राम, मनीष यादव, सुश्री शांता खैरवार, श्रीमती अफसाना बेगम और सौरभ देवांगन उपस्थित रहे। कॉलेज के सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## पेज 9 के शेष

### अधिक रिटर्न मिलने का ....

लगातार नगरवासी व ग्रामीणो से जन सम्पर्क कर मोबाईल सायबर क्राईम संबंधी बैंकिंग फ्रॉड्स, सायबर ठगी, पार्ट टाइम-जॉब धोखाधड़ी, मोबाईल ओटीपी लिंक शेयर न करने इत्यादि सायबर क्राईम से बचने जानकारी दे रही है। फ्रांड होने पर तत्काल सायबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल कराने तथा पुलिस को सूचित करने हिदायत दी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, आर.के. बर्मन के मार्गदर्शन एवं साइबर सेल नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक ठाकुर गौरव सिंह के पर्यवेक्षण में टीम को सफलता मिली। **इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिकाः** आरोपियों को पकडने में निरीक्षक संजय यादव, सउनि पंकज गर, आरक्षक अभिजीत वट्टी, विकांत साहू, प्रमोद, मिथिलेश पुजारी, जैनेन्द्र विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### मृतक के परिजन को सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** वाहन दुर्घटना में बालसिंह कोवासी की मृत्यु होने के फलस्वरूप पत्नी आवेदक दशमती कोवासी को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है।

### भारी भरकम बिजली बिल से मिली मुक्ति



**दंतेवाड़ा।** नगर की जीएडी कॉलोनी में रहने वाली गृहणी रीता मिश्रा के लिए अपने घर में रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाना एक समझदारी भरा निर्णय रहा। वरना इससे पहले हर महीने आने वाले भारी भरकम बिजली बिलों से उनके घर का बजट गड़बड़ा जाता था। परन्तु सोलर पॉवर प्लांट लग जाने से उनके घर का बिजली बिल जैसे जीरों की श्रेणी में आ गया है। वे मानती है कि इससे उन्हें काफी राहत मिली। वर्तमान में आधुनिक जीवन शैली के अनुरूप हर घर में इलेक्ट्रॉनिक उपभोक्ता सामग्रियों जैसे टीवी, कूलर, फ्रिज, पंखे, एयरकडीशनर, इलेक्ट्रिक आयरन, कम्प्यूटर, के चलते बिजली की अधिक खपत होना आम बात हो गई है। इस योजना के लिए हितग्राहियों को राज्य एवं केन्द्र शासन द्वारा न केवल आकर्षक अनुदान दिया जा रहा है बल्कि इसके जरिये उपभोक्ता अतिरिक्त उत्पादित बिजली को बेचकर अतिरिक्त कमाई भी कर सकेगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को सर्वप्रथम पीएम सूर्य घर के पोर्टल पर जाकर पंजीयन कराना होगा। पोर्टल में पहले राज्य का चुनाव और बिजली वितरण कंपनी को चुनने के बाद अपना उपभोक्ता नम्बर और मोबाईल नंबर डालकर मेल करना होगा। इस तरह लॉगिन करने के बाद रूफटॉप सोलर पावर प्लांट' का आवेदन की प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी होगी। इसी पोर्टल में हितग्राहियों को अनुमोदन प्राप्त होगा और पंजीकृत वेंडरों के नाम भी आ जाएगें। इस प्रकार इंस्टॉलेशन पूरी होने के बाद उसी पोर्टल में पीएम सूर्य घर का विवरण भेज कर नेट मीटर के लिए आवेदन करना है। इसके साथ ही आगे का पूरा काम विद्युत वितरण कंपनी एवं वेडरों द्वारा किया जाएगा। इस तरह हितग्राहियों को सब्सिडी और छत पर लगा बिजली घर सक्रिय हो जाएगा। भारत सरकार ने इस योजना के लिए बैंकों से 6:5 से लेकर 7 प्रतिशत ब्याज दर ऋण उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की है।

# ओलंपिक के समापन पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में आयोजित बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का 11 नवंबर को भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

■ जिला स्तरीय आयोजन 13 व 14 नवंबर को मिनी स्टेडियम में होगा






कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य करते हैं और युवाओं में खेल भावना एवं ऊर्जा का संचार करते हैं। समापन समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी, कलेक्टर संबित मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, एसडीएम जागेश्वर कौशल तथा डिप्टी कलेक्टर एनपी गवेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में अपना शानदार प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे जिले का नाम प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक में शामिल होंगे। जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 13 एवं 14 नवंबर को बीजापुर मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के खेल विभाग सहित संबंधित विभाग द्वारा संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित कर ली गई है।

# जेल से दीवार फांदकर फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला जेल दन्तेवाड़ा से दीवार फांदकर फरार हुये शातिर आरोपी महेन्द्र दीवान को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। अपराधी महेन्द्र दीवान 4 अप्रैल से जेल से फरार था, जिसकी दन्तेवाड़ा पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। आरोपी को पूर्व में पकड़ने के लिये नारायणपुर, बीजापुर, बस्तर जिले में भी रेड कार्यवाही की गई थी। उक्त आरोपी चालाक और शातिर प्रवृत्ति का है, जो समय-समय पर अपना ठिकाना बदलता रहता था। पुलिस द्वारा लगातार आरोपी के मुव्हमेंट में नजर बनाकर एवं मुखबीर लगाकर रखे गये थे।



मुखबीर से आरोपी ग्राम चितालंका कलारपारा जंगल क्षेत्र में छिपा होने की सूचना 10 नवम्बर को मिला। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर थाना दन्तेवाड़ा, सायबर सेल एवं डीआरजी दन्तेवाड़ा को मिलाकर 4 अलग-अलग टीम बनाकर चितालंका कलारपारा जंगल क्षेत्र में घेराबंदी कर सर्च करने पर आरोपी महेन्द्र दीवान को पकड़ने में सफलता मिली। आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा में 1 अपराध, थाना गीदम में 2 अपराध, जिला बस्तर के थाना परपा में 1 अपराध, कुल 4 अपराध पंजीबद्ध है।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) उदित पुष्कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राहुल उयके के पर्यवेक्षण में एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में जिले में हो रहे अपराधों, अवैध कार्यों के रोकथाम एवं फरार आरोपियों, संदिग्ध व्यक्तियों के धर-पकड़ के लिए अभियान चलाये जा रहा है।

# रुपसिंह का दरभा मंडल के डिलमिली में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष पद पर रुपसिंह मंडावी की नियुक्ति हुई हैं। नियुक्ति पश्चात रुपसिंह मंडावी का प्रथम आगमन बस्तर में हुआ हैं, इसके पश्चात इनके स्वागत अभिनंदन का दौर जारी हैं।

बस्तर आने के पश्चात मंडावी बुधवार को मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेने दंतेवाड़ा के लिए रवाना हुए, जगह-जगह पर उनका स्वागत हुआ। इसी क्रम में दरभा भाजपा मंडल के भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने डिलमिली के पास राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर उनका स्वागत पुष्प हार और डोल बाजे के साथ किया। मंडावी ने अपने भावभीनी स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और सबको दंतेवाड़ा चलने के लिए आग्रह किया। जनजाति आयोग के अध्यक्ष के साथ काफिले में भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे, जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल, खेमसिंह देवांगन आदि मौजूद थे। जबकि भाजपा मंडल दरभा की ओर से स्वागत कर्ताओं में जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी, मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम, महादेव नाग, मुन्नू सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, दुर्जुन कश्यप, विघ्ननेश्वर बाकड़े, बली राम मांझी, मनीराम मंडावी, दिनेश पांडे, सहादेव कश्यप, पूरन, सुकरू, फागु, फगनू, सुखमन आदि कार्यकर्ता शामिल रहें।



# भाजपा में आदिवासी नेताओं का अपमान, दमन और हितैषी होने का ढोंग बेनकाब : विमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आदिवासियों की हितैषी होने का ढोंग रचने वाली भाजपा का असली चेहरा अब सामने आ चुका है। दंतेवाड़ा जिले में भाजपा के ही स्थानीय व ग्रामीण आदिवासी नेता राजेश कश्यप को सिर्फ सच्चाई कहने और क्षेत्र में विकास कार्यों के ठप रहने की वास्तविकता बताने पर भाजपा जिला द्वारा नोटिस जारी किया गया है। यह घटना स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि भाजपा संगठन में आदिवासी नेताओं को न केवल दबाया जा रहा है, बल्कि उन्हें सच्चाई बोलने पर प्रताड़ित भी किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जब सामान्य वर्ग के रसूखदार भाजपा नेता संगठन और सरकार के खिलाफ खुलेआम बयानबाजी करते हैं, तब उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। यह भाजपा के दोहरे मापदंड और आदिवासियों के प्रति भेदभावपूर्ण रवैये को उजागर करता है। जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री विमल सलाम ने कहा कि भाजपा सिर्फ आदिवासी समाज का उपयोग वोट बैंक के रूप में करती है, लेकिन जब कोई आदिवासी नेता सच बोलता है तो उसे अपमानित किया जाता है। कांग्रेस पार्टी सदैव आदिवासी समाज के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आदिवासी नेताओं को संगठन में केवल प्रतीक के रूप में रखा गया है या उन्हें समान सम्मान देने की उनकी कोई मंशा भी है। मुख्यमंत्री आदिवासी, मंत्री आदिवासी, संसद सदस्य आदिवासी, विधायक आदिवासी होने के बावजूद भाजपा अपने ही आदिवासी नेताओं और पदाधिकारियों का अपमान करने से बाज नहीं आ रही है। यह साबित करता है कि भाजपा के लिए आदिवासी केवल सत्ता की सीढ़ी हैं, सम्मान और अधिकारों के भागीदार नहीं।



# जैविक कृषि को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी की अध्यक्षता में गौधाम योजनान्तर्गत जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय नामित अध्यक्ष एवं सदस्यों की प्रथम समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्ष मुड़ामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दंतेवाड़ा जिला पहले से ही जैविक जिला घोषित है, और गौधाम योजना के प्रभावी संचालन से जिले में जैविक कृषि को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इस योजना से कृषक एवं पशुपालक दोनों वर्ग लाभान्वित होंगे। यह योजना न केवल आर्थिक प्रगति का माध्यम बनेगी बल्कि जैविक उत्पादों के विस्तार से आमजन के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। मुड़ामी ने कहा कि इस योजना को सफल बनाने हेतु व्यक्तिगत स्तर पर विशेष पहल और जिम्मेदारी की आवश्यकता है। बैठक में गौधाम योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उपस्थित सदस्यों से मिले सुझावों को कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया। सभी अध्यक्षों एवं सदस्यों ने जिले में गौठानों की संख्या बढ़ाने, विशेष रूप से कुआकोंडा एवं कटेकल्याण विकासखण्डों में, पर बल दिया। साथ ही, योजना को टिकाऊ बनाये रखने के लिए आजीविका से जोड़ने के विविध पहलुओं पर भी गहन चर्चा की गई। चूंकि दंतेवाड़ा जिला एक जैविक कृषि क्षेत्र के रूप में पहचान बना चुका है, अतः गौधामों के माध्यम से जैविक खेती के प्रचार-प्रसार में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस बिंदु को ध्यान में रखते हुए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अधिकतम पशुपालकों को योजना से जोड़ने के लिए विशेष पहल करने पर सहमति जताई।




बैठक के अंत में जिला एवं सभी विकासखण्ड अध्यक्षों ने इस योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने हेतु हर संभव सहयोग और समन्वय स्थापित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एसडीएम लोकांश एल्मा, पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक श्यामा मालवीय, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पदोन्नति में दिव्यांग आरक्षण की अनदेखी शासन के आदेश को दिखाया जा रहा ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी प्राचार्य पदोन्नति सूची में दिव्यांग शिक्षकों को आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने पर छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ने गहरी आपत्ति दर्ज कराई है। संघ ने इसे दिव्यांग कर्मचारियों के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है और शासन से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।



■ छग शालेय शिक्षक संघ ने जताया विरोध

संघ का कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2014 से लेकर 2025 तक कई बार यह स्पष्ट किया गया है कि राज्य शासन के अंतर्गत सभी विभागों में पदोन्नति प्रक्रिया के दौरान दिव्यांग कर्मचारियों को 3 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ अनिवार्य रूप से दिया जाए। इसके बावजूद, वर्तमान प्राचार्य, व्याख्याता एवं अन्य पदोन्नति प्रक्रिया में दिव्यांग वर्ग की अनदेखी कर दी गई, जो कि शासनादेशों का खुला उल्लंघन है। इसके संबंध में संघ ने बार-बार उच्च कार्यालय को इस संबंध में पत्राचार भी किया लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदारों के उदासीनता और अड़ियल रवैया के चलते कई दिव्यांगों को अपने अधिकारों से वंचित होना पड़ा। शासन के क्रमवार आदेश जिनमें दिव्यांग आरक्षण का स्पष्ट प्रावधान है। सामान्य प्रशासन विभाग नया रायपुर के आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में पदोन्नति में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 3 प्रतिशत पद क्षैतिज आरक्षित रहेंगे। आदेश के अनुसार प्रत्येक विभाग अपने संवर्ग में 100 बिंदु क्षैतिज आरक्षण रोस्टर तैयार करेगा। इसी संदर्भ में भारत सरकार, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का ज्ञापन 17 जनवरी 2018 में केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि दिव्यांग को नियुक्ति के साथ-साथ पदोन्नति में भी 3 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए और यह सभी संवर्गों पर समान रूप से लागू होगा।

छत्तीसगढ़ शासन आदेश प्रसारित किया इसमें पुनः यह उल्लेख किया गया कि दिव्यांग शिक्षकों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ प्रदान किया जाए तथा सभी अधीनस्थ कार्यालय सुनिश्चित करें कि संबंधित आदेशों का पालन हो। दिव्यांगता अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 34 पर्सनल डिसेबिलिटी एक्ट 2016 अधिनियम की धारा 34 में यह स्पष्ट प्रावधान है कि प्रत्येक सरकारी संस्था में नियुक्तियों और पदोन्नतियों में कम-से-कम 4 प्रतिशत स्थान विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित रहेंगे।

# जोरशोर से चलाया जा रहा एसआईआर ईएफ फॉर्म वितरण कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बारसूर नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाता सूची अद्यतन कार्य को लेकर निरंतर प्रगति पर है। इस क्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बारसूर द्वारा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर गणना पत्रक फॉर्म-6, 7, 8 का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कटेकल्याण द्वारा भाग संख्या 167 कटेकल्याण-1, 168 कटेकल्याण-2 तथा 169 बेंगुलूर में एसआईआर ईएफ फॉर्म वितरण कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने फील्ड में जाकर बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से जानकारी प्राप्त की तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं, तहसीलदार गीदम एवं सुपरवाइजर द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अधिकारियों ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने एवं अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम जोड़े जाने के निर्देश दिए।

# कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ई-ऑफिस क्रियान्वयन के लिए हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता और गति लाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज ई-ऑफिस क्रियान्वयन के संबंध में एक दिवसीय व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर प्रीतम साहू एवं बुद्ध बिहारी तंबोली ने प्रतिभागियों को ई-ऑफिस प्रणाली के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्यालयीन कार्यों को पूर्णतः पेपरलेस बनाया जा सकेगा, जिससे फाइलों की गति में तेजी आएगी और कार्यों के निस्तारण में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।



प्रशिक्षकों ने फाइल प्रबंधन, दस्तावेजों के डिजिटलीकरण, ई-नोटिंग, अनुमोदन प्रक्रिया, ट्रैकिंग प्रणाली, डिजिटल हस्ताक्षर एवं डाटा सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि ई-ऑफिस न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि इससे कागज की खपत में भारी कमी आएगी।

**न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202510160100001/अ-21(5) / 2025-26

ग्राम- दंतेवाड़ा

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका सभ्या दुर्गा पति रतन दुर्गा उम्र 36 वर्ष जाति डोम निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा ग्राम दंतेवाड़ा, प.ह.न. 03 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नंबर 124/7 रकबा 0.0400 हे. में से रकबा 0.020 हे. को क्रेता रूबी सिंह पति पंकज सिंह उम्र 41 वर्ष जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम नकुलनार तहसील कुआकोंडा जिला दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28/11/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाशक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 07/11/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दंतेवाड़ा

**न्यायालय तहसीलदार फ्रेजरपुर जिला बस्तर छ.ग.**

**//उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्र./202511152500035/अ-21 (2)/2025-26

साकिन- अघनपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/विक्रेता श्री रमेश कुमार नायक पिता प्रेमसाय नायक जाति कुर्मी निवासी- ग्राम आड़ावाल ज्ञानोदय विद्यालय के पिछे तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम अघनपुर प.ह.नं.- 14 रा.नि.मं.- फ्रेजरपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 61/5/2 रकबा 0.0120 हे. या परिवर्तित क्षेत्रफल 1280 वर्गफुट को क्रेता श्रीमती अनिता नाग पति सुनील नाग जाति सतनामी निवासी- संतोषी वार्ड जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के पक्ष में अंतरण किये जाने हेतु अनुमति विषयक आवेदन मय दस्तावेज माननीय न्यायालय कलेक्टर बस्तर के समक्ष प्रस्तुत करने पर माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला बस्तर छ.ग. से आवेदन मय दस्तावेज की मूल प्रति इस न्यायालय को प्रकरण दर्ज कर जांच प्रतिवेदन प्रेषित किये जाने बाबत प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के आगामी पेशी तिथि 26-11-2025 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
फ्रेजरपुर-जिला बस्तर

## युवा उद्यमी ने साझा की अपनी सफलता की बातें



**गीदम।** संस्थान नवाचार परिषद के तत्वावधान में सफल उद्यमियों द्वारा मेरी कहानी विषय पर एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में भोर ऑर्गनाइजेशन, दंतेवाड़ा के संस्थापक एवं अध्यक्ष तरुण कुमार कोर्राम मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कोर्राम ने अपने जीवन की प्रेरक कहानी साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद भोर ऑर्गनाइजेशन की स्थापना की, जो आज ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सफलता का मार्ग चुनौतियों से होकर गुजरता है, लेकिन यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और नीयत सच्ची हो, तो हर कठिनाई अवसर में बदल सकती है। कोर्राम ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और स्थानीय स्तर पर उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

# सर्वर डाउन होने से नहीं हो पा रही ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

■ अधिकांश महिलाओं की महतारी वंदन योजना की राशि अटकी

राज्य शासन की महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 की राशि दी जाती है, लेकिन हाल के दिनों में कई महिलाओं के खाते में राशि आना बंद हो गया है।

विभागीय जांच में पता चला कि अधिकांश लाभार्थियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया अधूरी है। लाभार्थी महिलाओं ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में ई-केवाईसी का कार्य जारी है, लेकिन सर्वर बार-बार डाउन होने से महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है। नवागांव वार्ड समेत कई स्थानों पर चिन्हांकित हितग्राहियों को बुलाया गया, पर सर्वर समस्या के कारण कार्य पूरा नहीं हो सका और महिलाओं को लौटना पड़ा। च्वाइस सेंटर के संचालकों ने बताया कि यह सर्वर महिला एवं बाल विकास विभाग का है, जो कई दिनों से तकनीकी दिक्कत में है। लाभार्थी महिला शांति विश्वकर्मा, रजनी विश्वकर्मा, राधादेवी, कुमारी बाई देवयानी ने विभाग से जल्द समाधान की मांग की है ताकि योजना की राशि नियमित रूप से उनके खातों में पहुंच सके।

इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी चाही गई लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया। महिलाएं उम्मीद कर रही हैं कि विभाग जल्द कार्रवाई कर इस तकनीकी समस्या का समाधान करेगा।

# खबर संक्षेप

## विद्यार्थियों ने श्रमदान कर लगाए पौधे



**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला द्वारा सोमवार को अकादमिक भवन परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विभागाध्यक्ष प्रो स्वपन कोले ने कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई नहीं,बल्कि यह हमारे चरित्र और संस्कारों की पहचान है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने आस-पास स्वच्छता का दायित्व निभाए, तो भारत विश्व का सबसे स्वच्छ देश बन सकता है। इस अवसर विद्यार्थियों ने अकादमिक भवन के कमरों, गैलरियों की सफाई की और गमलों में पौधे लगाकर हरियाली का संदेश दिया।

## जल प्रदाय व्यवस्था को दुरुस्त करें

**जगदलपुर।** प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ओंकेश चन्द्रवंशी ने बुधवार को स्थानीय परिक्षेत्र कार्यालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान बस्तर अंचल में पेयजल प्रदाय व्यवस्था को दुरुस्त करने पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान में प्रगतिरत योजनाओं को तेजी के साथ संचालित कर जल्द पूर्ण किया जाए। प्रमुख अभियंता ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में अद्यतन प्रगति नहीं लाने वाले तथा काम बंद रखने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध पेनाल्टी लगाने सहित ब्लेक लिस्टेड की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

# स्टार्टअप इकोसिस्टम निर्माण पर हुआ व्याख्यान, युवाओं में नवाचार और आत्मनिर्भरता का संचार

## शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप डे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के व्यावसायिक प्रबंधन अध्ययनशाला में "नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप डे" के अवसर पर "हाउ टू क्रिएट स्टार्टअप इकोसिस्टम इन द कैंपस" विषय पर एक प्रेरणादायी विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ।

मुख्य वक्ता प्रो मनोज वर्गीज, निदेशक,प्रबंधन एवं वाणिज्य अध्ययनशाला, रुंगटा इंटरनेशनल स्किल यूनिवर्सिटी, भिलाई ने कहा कि किसी भी स्टार्टअप की सफलता उसके विचार में नहीं, बल्कि उस विचार के सही कार्यान्वयन में निहित होती है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपने विचारों को समाज की जरूरतों के अनुसार ढालने की क्षमता विकसित करें।

उन्होंने कहा, "शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देते, वे आत्मनिर्भर भारत के निर्माता होते हैं।" ऐसे युवाओं का निर्माण ही वास्तविक शिक्षा है जो डिग्रीधारी ही नहीं, बल्कि रोजगार सृजनकर्ता बनें।

इस अवसर पर आईईसी अध्यक्ष डॉ सजीवन कुमार ने कहा कि व्यवसाय केवल आय का साधन नहीं,बल्कि समाज के सामने नए विचार प्रस्तुत करने का माध्यम है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि देवांगन ने कहा कि विश्वविद्यालय का इन्क्यूबेशन सेंटर हर नवाचारी छात्र के विचार को साकार रूप देने के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं शोधार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार,आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की भावना को नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ।

### विचार से व्यवसाय तक आत्मनिर्भरता की राह पर युवा

विश्वविद्यालय का यह प्रयास केवल व्याख्यान तक सीमित नहीं, बल्कि युवा मस्तिष्कों में नवाचार का बीज रोपने का प्रयास है। जब विद्यार्थी अपने विचारों को साकार करने का साहस जुटाते हैं, तभी स्टार्टअप संस्कृति जीवंत होती है। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय का इन्क्यूबेशन सेंटर इन विचारों को आकार देने का माध्यम बन रहा है, जहाँ से निकलेगा आने वाले कल का आत्मनिर्भर भारत।




### नवाचार ही समृद्ध भारत की कुंजी

"भारत आज स्टार्टअप इकोसिस्टम में विश्व के तीसरे स्थान पर है। जब हमारी युवा पीढ़ी अपने नवाचार को आर्थिक विकास से जोड़ेगी, तभी समृद्ध भारत का सपना साकार होगा।"

प्रो मनोज श्रीवास्तव,
कुलपति, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय

# सहकारी बैंक कर्मियों ने फूंका आंदोलन का बिगुल

## पांच वर्षों से रुकी वेतनवृद्धि की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अवकाश लेकर किया प्रदर्शन, 17 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी




जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ ने मंगलवार को पांच वर्षों से लंबित वेतनवृद्धि को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया। कर्मचारियों ने बैंक मुख्यालय में एक दिवसीय अवकाश लेकर विरोध प्रदर्शन किया,जिससे बस्तर संभाग की सहकारी बैंक शाखाओं का कामकाज पूरी तरह ठप रहा।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सहकारी बैंक के कर्मचारी स्वयं के लाभ से वेतन प्राप्त करते हैं। पंजीयक सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़ द्वारा निर्धारित मापदंडों की पूर्ति नहीं होने के कारण वर्ष 2020 से वेतनवृद्धि रुकी हुई थी। मार्च 2025 में सभी मापदंड पूरे किए जा चुके हैं, इसके बावजूद पंजीयक द्वारा आदेश जारी न करना संविधान और न्याय दोनों का उल्लंघन है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र वेतनवृद्धि का आदेश जारी नहीं हुआ तो 17 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा। इससे किसानों को धान खरीदी भुगतान, ऋण वितरण व विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर बाधा उत्पन्न होगी। संघ ने सहकारिता मंत्री एवं पंजीयक से अपील की है कि वे कर्मचारियों की रुकी हुई वेतनवृद्धि तत्काल मंजूर करें, जिससे समस्या का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से संभव हो सके। धरना प्रदर्शन में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुमित सागर गुप्ता, सचिव मोरध्वज तिवारी, नरसिंग यादव, पंकज पांडे, गीता नायक, तुषार देवांगन, नंद किशोर पांडे, समीर साहू, अवनीश विश्वकर्मा, भूपेंद्र साहू, श्रवण कुमार शर्मा, गिरीश शर्मा समेत समस्त बैंक कर्मी सम्मलित थे।

### 5 वर्षो की उपेक्षा अब हो चला असहनीय

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ ने कहा पांच वर्षों की प्रतीक्षा अब असहनीय हो चुकी है। बैंक ने मापदंड पूरे कर लिए हैं,फिर भी वेतनवृद्धि रोकना अन्याय है। हम अपने हक की लड़ाई संविधान सम्मत तरीके से जारी रखेंगे।

# बस्तर हाईस्कूल के 100 साल पूरे होने का जश्न, 3 दिन चलेगा कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मुख्यमंत्री 17 को करेंगे शुभारंभ, देश विदेश के पूर्व छात्र होंगे शामिल

आजादी के पहले का बस्तर संभाग का बस्तर हाईस्कूल 100 साल पूरा होने पर शताब्दी समारोह मना रहा है। 3 दिन के कार्यक्रम की तैयारी के लिए प्राचार्य समेत स्टाफ और शाला प्रबंधन समिति सहित पूर्व विद्यार्थी भी जुटे हुए है। बड़ी संख्या में नाम पंजीयन कराने पूर्व छात्र पहुंचने लगे है जहां उनका परिचय पत्र भी बनाया जा रहा है। प्राचार्य बी एस रामकुमार ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि 17 से 19 नवंबर तक 3 दिन का कार्यक्रम होगा । जिसमें देश के विभिन्न प्रांतो के अलावा विदेश से भी पूर्व छात्र पहुंचेंगे। विधायक किरण देव के पहल से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 17 नवंबर को दोपहर 12 बजे शाला परिसर में शुभारंभ करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा शाला के पूर्व शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। वहीं दिवंगत प्राचार्य और अध्यापकों को याद कर विनम्र श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### स्मार्ट रूम बना रहा पूर्व छात्र

शताब्दी समारोह को गरिमामय और भव्य बनाने के लिए कई पूर्व छात्र तन मन धन से योगदान दे रहे है। शहर का एक पूर्व छात्र प्रतिभाशाली आर्ट कलाकार जो रायपुर में रहते है उन्होंने स्मार्ट रूम बनाने का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए अपनी और से लाखों रूपये खर्च कर रहे है।

### पुराने दिनों को याद कर पर्यटन स्थल घूमेंगे

जिस स्कूल में पढ़कर आज देश विदेश में बड़ी नौकरी और सफल व्यापारी और उद्योगपति बन चुके है वे विद्यार्थी अपने परिवार के साथ आकर पुराने दिनों को याद करेंगे । साथ ही आज की स्थिति में बस्तर के खुबसूरत पर्यटन स्थलों का भी नजारा देखेंगे।

# खेलो इंडिया निरीक्षण दल ने धरमपुरा खेल परिसर और इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



खेलो इंडिया निरीक्षण दल ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान धरमपुरा खेल परिसर और इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा इन स्थलों को तीरंदाजी, एथलेटिक्स और मलखंभ खेलों के आयोजन के लिए चिन्हित किया। इस अवसर पर उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में ममता ओझा (डायरेक्टर, खेलो इंडिया दिल्ली), श्रीनिवास मालेकार (उपसंचालक), गोपाल कंदपाल, आदित्य ब्रम्हे, राज्य खेल संचालक तनुजा सलाम तथा स्थानीय खेल अधिकारी गिरीश शुक्ल, टीएन रेड्डी, सुनील पिल्ले, कोटेश्वर नायडू और प्रदीप साहू उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं सहायक संचालक (खेल एवं युवा कल्याण) ऋषिकेश तिवारी ने बस्तर जिले की तैयारियों और आयोजन की रूपरेखा से दल को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दोनों मैदानों में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं ताकि खिलाड़ियों को उत्कृष्ट माहौल मिल सके। राज्य खेल संचालक तनुजा सलाम ने कहा यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है। हम इस अवसर को राज्य की खेल पहचान और जनजातीय गौरव को नई दिशा देने वाले पर्व के रूप में मनाएंगे।

# सप्त शक्ति संगम में पर्यावरण के बारे में बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरनार

- सरपंच ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ




सरस्वती शिशु मंदिर नगरनार में मंगलवार को सप्त शक्ति संगम धूमधाम से किया गया। जिसमें प्रवक्ता त्रिवेणी बेसरा, सीतांजली जोशी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमाकांतो बघेल सरपंच नगरनार कार्यक्रम की अध्यक्षता शुभादेई बघेल पंच वार्ड क्रं 8 तथा विशिष्ट अतिथि सोनी दीक्षित ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के संयोजिका पिंकी बघेल, सह संयोजिका रूकमणी नाग , तिलोतमा कश्यप, सदस्य अस्तमा बघेल, बबीता बघेल, पुष्पालता साहू, मालती नागे, जलेंद्री नाग, जयंती बघेल, बॉबी गोयल, दौनावती कश्यप , विमला नाईक, सोनामनी सेठिया, रीता यादव, हर्ष मिश्रा, मालती बघेल, राधा दास, संतोषी बघेल, हेमलता बघेल, अंजली सेठिया उपस्थित रहे। महिला सप्त शक्ति संगम, कुटुम्ब प्रबोधन एवं पर्यावरण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

# प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ का प्रतिनिधिमंडल मिला वन मंत्री से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वर्षों से अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे 1998-99 एलवी संवर्ग के शिक्षकों की पीड़ा अब सरकार के उच्च स्तर तक पहुंच गई है। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष कृष्णा बघेल के नेतृत्व में तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष मीरा ठाकुर की उपस्थिति में सोमवार को प्रतिनिधिमंडल ने वन मंत्री केदार कश्यप से सर्किट हाउस में भेंट की।

संघ ने मंत्री को अवगत कराया कि वर्ष 1998-99 में शिक्षकों की भर्ती मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार नियमित पेंशन योग्य पदों पर की गई थी। इन शिक्षकों की सेवा पुस्तिका नियुक्ति तिथि से संधारित है और वेतन शिक्षा विभाग से प्राप्त हो रहा है,अतः छत्तीसगढ़ सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के तहत उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ मिलना चाहिए।

# पर्यवेक्षक ने किया आयुष्मान कार्ड व ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस का निरीक्षण

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी के आदेशानुसार आयुष्मान कार्ड का निरीक्षण पर्यवेक्षक दिनेश पराते द्वारा मोंगरापाल, नेगानार, बेड़ा उमरगांव एवं ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस का निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को जच्चा-बच्चा रक्षा कार्ड पूर्ण रूप से संधारण करने हेतु समझाया एवं खतरे वाली माताओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या स्पमुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजने व समय पर गर्भवती माताओं का पहले माह से पंजीयन कर फोलिक एसिड की दवा पूरे तीन माह तक हितग्राहियों को दवा देने हेतु प्रेरित किया। प्रतिमाह गर्भवती माताओं की शुगर बीपी आदि जांच पूरे नौ माह तक लगातार कर जच्चा बच्चा रक्षा कार्ड मे इंद्राज करने हेतु एएनएम को निर्देशित किया।



इस अवसर पर पर्यवेक्षक के केके बघेल, डाली ठाकुर, सुनिता भोयर, श्रीमती लक्ष्मी यादव, प्रभा पानीग्राही, मेनका ठाकुर, दिपिका साहू, रितु नागेश, शिक्षिका बीरमनी पानीग्राही, मितानीन सोनमती, एएनएम मेहंदी देवांगन, सावित्री गुहा शामिल रहे।

# शिवसेना का संकल्प गौ माता को राज्य माता बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- धर्मांतरण रोका जाए, हिंदू राष्ट्र बनाएंगे
- दंतेवाड़ा से हिंदू राष्ट्र मोर्चा की शुरूआत 14 को रायपुर में समापन



शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने कहा कि पार्टी 41 वर्षों से प्रदेश में हिन्दुत्व, गौ रक्षा और जनहित के मुद्दों पर प्रखर भूमिका निभाती आ रही है। 11 नवम्बर को मां दंतेश्वरी के पूजन के बाद दंतेवाड़ा से निकलकर यह मोर्चा जगदलपुर,कोंडागांव, केशकाल,भानुप्रतापपुर, कांकेर व धमतरी होते हुए 14 नवम्बर को रायपुर में समापन करेगा।

बुधवार को पत्रकार भवन में पत्रवार्ता में उन्होंने कहा कि मोर्चा का मुख्य उद्देश्य भारत को हिंदू राष्ट्रर का दर्जा दिलाना, गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलवाना और प्रदेश में हो रहे धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर पूर्ण रोक लगवाना है। उन्होंने रोहिंग्या समुदाय की कथित अवैध घुसपैठ पर भी तत्काल कार्रवाई की मांग रखी और केशकाल में बुढ़ादेव के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए ज़मीन उपलब्ध कराने की मांग सरकार से दोहराई। वहीं गौ तस्करी पर कड़ी सज़ा और अवैध परिवहन में पकड़े गए वाहनों के रजिस्ट्रेशन जब्ती की मांग की । प्रेसवार्ता में मधुकर पाण्डेय,रेशम जांगड़े, एचएन सिंह पालीवार,सन्नी देशमुख सहित अनेक शिवसैनिक मौजूद रहे।

परिहार ने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर में कहा धर्मांतरण पर प्रभावी निर्णय तभी होगा जब जनसांख्यिक आधार पर स्थितियों का संज्ञान लिया जाएगा, गांव-गांव में मंदिरों का निर्माण सुनिश्चित होगा। यदि सरकार हमें जमीन उपलब्ध कराती है तो हम केशकाल में भव्य बुढ़ादेव मंदिर बनाएंगे।

आवश्यकता है
होटल में कार्य करने हेतु आवश्यकता है
रूम अटेंडर- 3 पद
सुपरवाइजर- 1 पद
रिसेप्शनिष्ट- 2 पद
संपर्क- 9826803321
हॉटल पूनम
चांदनी चौक, जगदलपुर

# अपर मुख्य सचिव गृह ने की विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विभागीय कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश



एलडब्ल्यूई जिलों में विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में एनसीईआर के सर्वे के आधार पर केंद्रीय स्तर पर जिलों के बुनियादी ढांचा के अंतराल (गेप) के संबंध में संबंधित जिलों से संज्ञान लिया गया। बस्तर के जिलों के बुनियादी ढांचा विशेष रूप से सड़क एवं पुल-पुलिया, मोबाइल टावर की आवश्यकता, विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था, प्राथमिक विद्यालय भवन, विद्यार्थियों की उपस्थिति और मिडे मील की स्थिति, सीएचसी, पीएचसी-सीएससी भवन, स्वास्थ्य सेवा तथा मानव संसाधन, आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था और आजीविका के साधनों के विकास आदि विषयों के अंतराल के ऑकलन एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही इनके लिए केंद्र सरकार स्तर से प्राप्त होने वाले बजट के संबंध में चर्चा किया गया।


बैठक में संयुक्त सचिव (एलडब्ल्यूई) राजीव कुमार ने कहा कि नक्सल मुक्त क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए आजीविका मिशन के अंतर्गत माइक्रो प्लानिंग करके कार्ययोजना तैयार करें। जिसमें स्थानीय जरूरत और उपलब्ध संसाधनों को जोड़कर बेहतर प्लान बनाएं।

प्रमुख सचिव (पंचायत एवं ग्रामीण विकास) निहारिका बारिक ने सभी जिलों से कार्ययोजना की प्लानिंग के संबंध में जानकारी ली और स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप स्पेशल प्रोजेक्ट बनाकर भेजने कहा। साथ ही कनेक्टिविटी के लिए सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण को गति देने हेतु प्लान कर टाइमलाइन में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं अंदरूनी बसाहटों के विद्युतीकरण करने पर जोर दिया। उन्होंने आजीविका साधनों के विकास हेतु ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने सहित सर्विस सेक्टर में भी अधिकाधिक रोजगार सृजन के लिए प्लान तैयार किए जाने कहा।

बैठक में सचिव (गृह विभाग) नेहा चम्पावत, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानन्द सिन्हा, आईजी (सीएएफ) बीएस ध्रुव, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी., प्रभारी कमिश्नर व कलेक्टर बस्तर हरिस एस सहित बस्तर संभाग के सभी जिलों और मोहला-मानपुर जिला के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत सीईओ, सहित सभी विभागों के संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411